पुलिस मुठभेड़ दिनाँक 29-05-2025 थाना नगला सिंघी जनपद फिरोजाबाद ।

- **थाना नगला सिंघी व एसओजी / सर्विलांस पुलिस टीम द्वारा हत्या के अभियोग में वांछित 20 हजार के ईनामिया अभियुक्त देवेन्द्र को पुलिस मुठभेड़ के दौरान किया गया गिरफ्तार ।**
- **अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा 315 बोर, 01 खोखा कारतूस एवं 01 जिंदा कारतूस किया गया बरामद ।**
- **घायल अभियुक्त को उपचार हेतु पुलिस अभिरक्षा में जिला अस्पताल भिजवाया गया....**

वादी द्वारा थाना नगला सिंघी पर तहरीर दी गयी कि दिनांक 25-05-2025 को समय करीब शाम 4.30 बजे वादी व वादी के पिताजी अरविन्द यादव तथा भाई नितिन यादव अपने खेत पर ट्रैक्टर से खेत जोतने गए थे। उसी समय वादी के गांव के ही हुब्बलाल ,देवेन्द्र, भोला, रवि, विपन, मनीष, सन्नी व अन्य परिवार के लोगो द्वारा मौके पर आकर धारदार हथियार फावडा, बल्लम, फरसा से वादी पक्ष पर हमला कर दिया। जिसमें वादी के पिता अरविन्द यादव व भाई नितिन यादव की मौके पर ही मृत्यु हो गयी। वादी की तहरीर के आधार पर थाना नगला सिंघी पर मु0अ0सं0 52/2025 धारा 103(1),191(2),191(3),190 बीएनएस पंजीकृत किया गया था। उक्त घटना के अनावरण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी टूण्डला के कुशल नेतृत्व में 03 पुलिस टीमों का गठन किया गया था।

इसी क्रम में आज दिनांक 29-05-2025 को पुलिस टीम को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि मु0अ0सं0 52/2025 में वांछित अभियुक्त देवेन्द्र पुत्र साहब सिंह, लांघी से खेरे वाली माता मन्दिर को जाने वाले कच्चे रास्ते पर घूमता हुआ दिखा हैं तथा कही भागने की फिराक में है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा लांघी से खेरे वाली माता मन्दिर के पास चैकिंग अभियान चलाया गया। चैकिंग के दौरान पुलिस टीम को 01 संदिग्ध व्यक्ति पैदल आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस टीम द्वारा उक्त संदिग्ध व्यक्ति को रुकने का इशारा किया गया तो संदिग्ध व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर पीछे की तरफ भागने लगा। पुलिस टीम द्वारा पीछा करने पर खुद को घिरता हुआ देखकर संदिग्ध व्यक्ति द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्यवाही में संदिग्ध व्यक्ति के पैर में गोली लग गई जिससे वह घायल हो गया। घायल व्यक्ति की पहचान थाना नगला सिंघी पर पंजीकृत मु0अ0सं0 52/2025 में वांछित 20 हजार के ईनामिया अभियुक्त देवेन्द्र पुत्र साहब सिंह निवासी ग्राम टीकरी थाना नगला सिंघी जनपद फिरोजाबाद के रुप में हुई है। अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 01 जिंदा कारतूस एवं 01 खोखा कारतूस बरामद हुआ है। घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम-पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्तः-

1. देवेन्द्र पुत्र साहब सिंह निवासी ग्राम टीकरी थाना नगला सिंघी जनपद फिरोजाबाद।

बरामदगी का विवरण-

1. एक अदद तमंचा मय एक अदद खोखा कारतूस .315 बोर (चैम्बर में फंसा हुआ) मय एक अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर।

आपराधिक इतिहास अभियुक्त-

1. मु0अ0सं0 12/2025 धारा 189(2),329(3),351(2) बीएनएस थाना नगला सिंघी जनपद फिरोजाबाद।
2. मु0अ0सं0 52/2025 धारा 191(2),191(3),190,103(1) बीएनएस थाना नगला सिंघी जनपद फिरोजाबाद।

गिरफ्तारी / बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-

1. थानाध्यक्ष विमलेश कुमार त्रिपाठी थाना नगला सिंघी जनपद फिरोजाबाद।
2. श्री अमित तोमर प्रभारी सर्विलांस/एसओजी टीम जनपद फिरोजाबाद।
3. वरि0उ0नि0 अनिल कुमार थाना नगला सिंघी फिरोजाबाद।
4. उ0नि0 प्रमोद कुमार थाना नगला सिंघी जनपद फिरोजाबाद।
5. उ0नि0 दीपक कुमार थाना नगला सिंघी जनपद फिरोजाबाद।
6. है0का0 815 संजीव कुमार थाना नगला सिंघी जनपद फिरोजाबाद।
7. है0का0 40 समय सिंह थाना नगला सिंघी जनपद फिरोजाबाद।
8. का0 रघुराज सिंह सर्विलांस टीम जनपद फिरोजाबाद।
9. का0 529 राकेश कुमार थाना नगला सिंघी जनपद फिरोजाबाद।
10. का0 934 देवेन्द्र सिंह थाना नगला सिंघी जनपद फिरोजाबाद।
11. का0 1337 शुकीन खान थाना नगला सिंघी जनपद फिरोजाबाद।
12. का0 632 जसमीत यदुवंशी थाना नगला सिंघी जनपद फिरोजाबाद।
13. चा0का0 बलवीर सिंह थाना नगला सिंघी जनपद फिरोजाबाद।